स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 07.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में व्याप्त मच्छरों के बढ़ते घनत्व को दृष्टिगत् रखते हुए मच्छर उन्मुलन हेतु निगम आयुक्त के0एल0 चौहान के दिये गये निर्देशों के परिपालन में एण्टी लार्वा ऑपरेशन के तहत् व्हीकल माउटेंड फागींग मशीन द्वारा फागींग कार्य निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 01 नवम्बर से प्रारम्भ कर दिया गया है। जोन 01 नेहरु नगर अंतर्गत वार्ड 01 जुनवानी, जुनवानी बस्ती, खम्हरिया बस्ती, खम्हरिया भाठा, वार्ड 02 स्मृति नगर में स्मृति नगर मॉडल टाउन, वार्ड 03 कोसानगर में नेहरु नगर पूर्व एवं पश्चिम, दीक्षित कालोनी, गांधी नगर , कोसानगर, प्रियदर्शिनीय नगर, में मैलाथियान के धुएं का छिड़काव किया गया।

शिविर के द्वितीय चरण के अंतर्गत नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में वार्ड क्रमांक 30,19,12,06 बालाजी नगर में नोकम्मा मोहल्ला, शास्त्री नगर केम्प–01 में आंगनबाड़ी के पास, नेहरु चौक, सुपेला पुरानी बस्ती, कान्ट्रेक्टर कालोनी, रिसाली बस्ती, रिसाली भाठा, में नियत स्थल पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 143 मरीजों का पंजीयन कर रोग निरोधक दवाईयां वितरित की गई, एवं मच्छर उन्मुलन हेतु हेण्डसेट फागींग मशीन द्वारा 800 एमएल मैलाथियान के धुएं का छिड़काव एवं स्पेयर पम्प द्वारा 400 एमएल मैलाथियान तथा 1320 ग्राम बी0 लार्वा कीटनाशक औषधि का छिड़काव कराया गया। तथा शिविर में आने वाले लोगों को मौसमी बिमारी एवं मच्छर उन्मुलन से बचाव संबंधी पाम्पलेट भी वितरित किया गया। निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान द्वारा जनजनित मच्छरों से होने वाली बिमारी डेंगु, मलेरिया से बचाव हेतु आम नागरिकों से अपील की गई है कि घर के आसपास पानी का जमाव न होने दें, निगम द्वारा निर्मित नालियों में घर का कचरा डालकर पानी की निकासी में रुकावट न डालें। वार्ड मोहल्ले में सफाई कार्य में लगे सफाई कामगारों को सहयोग कर स्वच्छ भारत मिशन को शत् प्रतिशत सफल कराने में अपना सहयोग प्रदान करें।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई